## एक नजर में

### लक्ष्मीबाई केलकर स्मृति व्याख्यानमाला 24 व 25 को

इंदौर. राष्ट्रीय सेविका समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लक्ष्मीबाई केलकर मौसी जी स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है. 24 और 25 जनवरी को जाल सभागृह में होने वाले इस कार्यक्रम में पहले दिन मुख्य वक्ता आशुतोष आडोणी है. आप संस्कार भारती के अखिल भारतीय महामंत्री हैं. आपके व्याख्यान का विषय है स्त्री परिवार ही नहीं राष्ट्र की प्राणशक्ति है. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जूही अग्रवाल रहेंगी. अध्यक्षता डॉ जमना मिश्रा करेंगी. 25 जनवरी को संघ में महिला विषय पर राष्ट्रीय सेविका समिति की अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख श्रीमती सुनीता सोवनी व्याख्यान देंगी. इस दिन की मुख्य अतिथि विनीता शर्मा है और अध्यक्षता करेंगी डॉ श्रीलेखा जोशी. दोनों दिन कार्यक्रम 5.30 शाम को नियत समय पर प्रारंभ होगा. सेविका समिति की कार्यवाहिका आरती मिश्रा का अनुरोध है कि इंदौर के सभी नागरिकों का इस व्याख्यानमाला में स्वागत है.

### जूनी इंदौर मोक्ष धाम आज से भागवत ज्ञान यज्ञ

इंदौर. विद्या और वाणी की देवी माँ सरस्वती को समर्पित बसंतोत्सव के शुभारम्भ प्रसंग पर जूनी इंदौर स्थित मोक्ष धाम परिसर के महामृत्युंजय मंदिर पर पहली बार श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा का आयोजन 23 से 30 जनवरी तक किया जाएगा. इसका शुभारंभ 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे मोक्ष धाम के सामने स्थित बलवीर हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा के साथ होगा. भागवताचार्य पं. श्याम सुंदर शास्त्री व्यास पीठ पर विराजित होकर प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक भागवत कथामृत का रसपान कराएँगे. जूनी इंदौर मुक्ति धाम सेवा समिति की ओर से संयोजक अशोक सारडा एवं राजेश जोशी ने बताया कि शहर में कुछ वर्षों पूर्व पंचकुईया मुक्ति धाम पर समाजसेवी प्रेम बाहेती के प्रयासों से भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया था. उनसे प्रेरणा लेकर अब जूनी इंदौर मुक्ति धाम पर यह आयोजन पं. श्याम सुंदर शास्त्री के श्रीमुख से किया जा रहा है. ज्ञान यज्ञ में आचार्य पं. राजेश तिवारी के आचार्यत्व में भागवत का मूलपारायण भी होगा.

### खाटू श्याम मंदिर में फूलों व नोटों से श्रृंगार

इंदौर. एबी रोड मालवीय नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर के 23वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में करेंसी नोटों से श्याम बाबा का श्रृंगार किया है. 23 जनवरी को मालवीय नगर स्थित मंदिर से सुबह 9 बजे से प्रारंभ होने वाली रथ यात्रा में आम भक्तों को होंगे. मंदिर स्थित सभी देवालयों का भी फूलों से श्रृंगार किया गया है. खाटू श्याम सेवक समिति के संरक्षक मदनलाल शर्मा, रामकुमार अग्रवाल एवं सुरेश रामपीपलिया ने बताया कि शुकवार को निकलने वाली रथ यात्रा नादिया नगर, अटल द्वार पाटनीपुरा, भमोरी होते हुए पुन: मंदिर पहुंचेगी। इस श्रृंगार सेवा में श्याम भक्त नाना राठौड़ के साथ राजू चितलांगिया, ओम शर्मा, मनोज चितलांगिया, अंकुर सुरेका, संजय अग्रवाल, शुभम मीणा, अशोक शर्मा, वीरेन्द्र दत्त, महेश यादव एवं रवि शर्मा ने श्रद्धा भाव से 16 घंटे से अधिक समय मैराथन प्रयास कर अंतिम रूप दिया है. रथ यात्रा नादिया नगर, अटल द्वार पाटनीपुरा, भमोरी होते हुए पुन: मंदिर पहुंचेगी।

### डायग्नोस्टिक कॉन्फ्रेंस- काहो डायग्नोस्टिकॉन कल से

इंदौर. मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य सेवा संगठनों के संघ (काहो/सीएएचओ) की प्रमुख डायग्नोस्टिक कॉन्फ्रेंस- काहो डायग्नोस्टिकॉन 2026, देवी अहिल्या सभागृह (डीएवीवी) में 24 और 25 जनवरी को आयोजित होने जा रही है. यह राष्ट्रीय स्तर का आयोजन देश में स्वास्थ्य जाँच और डायग्नोस्टिक्स की गुणवत्ता, सुरक्षा और नई तकनीकों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा. कंसोर्शियम ऑफ एक्रेडिटेड हैल्थकेयर ऑर्गेनाइजेशंस के डायग्नोस्टिक डिवीज़न की सेक्रेटरी डॉ. विनीता कोठारी, फाउंडर वाइस चांसलर एमपी मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी डायरेक्टर डॉ. डी पी लोकवानी और कंसोर्शियम ऑफ एक्रेडिटेड हैल्थकेयर ऑर्गेनाइजेशंस के डायग्नोस्टिक डिवीज़न की चेयरमैन डॉ. अपर्णा जयराम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अपने पाँचवें संस्करण में यह कॉन्फ्रेंस इस बात पर जोर देती है कि आज की हेल्थकेयर व्यवस्था में डायग्नोस्टिक्स की भूमिका कितनी अहम् है, क्योंकि करीब 70 प्रतिशत मेडिकल फैसले जाँच रिपोर्ट पर आधारित होते हैं. बढ़ते रोग मामलों, नई बीमारियों के सामने आने और समय पर सही इलाज की जरूरत को देखते हुए, बेहतर स्वास्थ्य परिणाम और सभी तक समान स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के लिए मजबूत डायग्नोस्टिक सिस्टम बेहद जरूरी हो गया है. मध्य प्रदेश में इस तरह का आयोजन पहली बार होने जा रहा है, जिसमें हेल्थ डायग्नोस्टिक में पेशेंट सेफ्टी पर ज़ोर दिया गया है. काहो एनजीओ इंदौर में पहली बार इस तरह की कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रहा है. इस आयोजन के लिए सम्पूर्ण भारत से 1600 रजिस्ट्रेशंस प्राप्त हुए। यह कॉन्फ्रेंस डायग्नोस्टिक के सभी विंग्स के लिए है, ऐसे में सभी इसमें शामिल होकर बहुत कुछ सीख सकते है.

### खन्ना निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

इंदौर. इंदौर स्कूटर ट्रेडर्स एसोसिएशन के चुनाव में सभी सदस्यों को निर्विरोध चुना गया. इसमें अध्यक्ष चंद्रशेखर खन्ना (शेखर खन्ना), उपाध्यक्ष संजय ढींगरा, सचिव अजीत कुमार कामोरा, सहसचिव धूनीचंद सचदेव व कोषाध्यक्ष हरीश खन्ना (विपिन खन्ना) चुने गए. कार्यकारिणी सदस्य में मुकेश पमनानी, सुरजीत भावनानी, सुदीप कुमार, जितेंद्र कामोरा, राजेश कुमार कुंडालियां, दीपक मंघनानी, सत्यपाल खिवाई व रोशन लाल चुने गए. चुनाव अधिकारी प्रवीण कपूर थे.

### आज 101 बटुकों के होंगे यज्ञोपवीत

इंदौर. एयरपोर्ट रोड पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर गुप्त नवरात्रि एवं मठ पर बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में विश्व ब्राह्मण समाज संघ एवं हंसदास मठ के संयुक्त तत्वावधान में हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सान्निध्य में 101 ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार होगा. मठ पर चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति भी दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में होगी. यज्ञ शाला की परिक्रमा करने के लिए आज दिनभर भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा. विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत एवं मठ के पं. अमितदास ने बताया कि यज्ञोपवीत अनुष्ठान की विधियाँ सुबह 9 बजे से विद्वान आचार्यों के निर्देशन में प्रारंभ होंगी. इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों एवं प्रदेश के अनेक शहरों से आए 101 ब्राह्मण बटुकों का संस्कार संपन्न होगा.

# महापौर द्वारा झोन का औचक निरीक्षण

## विशेष दिव्यांग जन एवं वृद्धजन समाधान केंद्र देखा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** महापौर ने आज झोन 3 के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान महापौर ने कार्यालय में विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया तथा कार्यालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा की.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव आज शहीद भगत सिंह झोन कार्यालय का अचानक निरीक्षण करने पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली एवं उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया. साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नागरिकों की समस्याओं का तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान महापौर भार्गव द्वारा झोनल कार्यालय में दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों के लिए निर्मित विशेष समाधान कक्ष का भी अवलोकन किया. मौके पर झोनल अधिकारी राज ठाकुर ने महापौर को बताया कि दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को कार्यालय आने-जाने में असुविधा न हो, इसलिए विशेष समाधान कक्ष का निर्माण किया गया है. झोनल अधिकारी ठाकुर ने जानकारी दी कि समाधान कक्ष में दिव्यांग एवं वृद्धजनों की समस्याओं का प्राथमिकता पर आवेदनों का निराकरण किया जाता है.

# सुधार कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें : निगमायुक्त

## हवा बंगला झोन में गंदे पानी की समस्या का किया मौका निरीक्षण

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. निगम आयुक्त ने आज सुबह हवा बंगला झोन के विभिन्न क्षेत्रों में गंदे पानी और पानी नहीं आने की शिकायतों का मौका निरीक्षण किया. मौके पर ही अधिकारियों को संधारण एवं सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए.**

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज सुबह सुदामा नगर, हवा बांगला रोड, 60 फीट रोड, प्रभु नगर, अन्नपूर्णा नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर गंदे पानी की आपूर्ति एवं पानी न आने की शिकायतों को लेकर स्थल निरीक्षण किया गया.

आयुक्त सिंघल ने पिछले दिनों जल सुनवाई एवं जलप्रदाय समीक्षा बैठक में मिली शिकायतों का तुरंत समाधान करने के लिए मौके पर जाकर जलप्रदाय एवं सीवरेज व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन संधारण, लीकेज, वाल्व संचालन, क्लोरिनेशन तथा जलापूर्ति से जुड़े अन्य तकनीकी बिंदुओं का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देश दिए गए.

### कार्य पूर्ण होने के बाद जांचे

आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि जिन क्षेत्रों में गंदे पानी की समस्या या जलापूर्ति बाधित है, वहां सुधार कार्य प्राथमिकता से करें. साथ ही कार्य पूर्ण होने के बाद पुन: जांच करे कि समस्या का स्थायी समाधान हुआ या नहीं. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक, संबंधित झोनल अधिकारी, नर्मदा विभाग के अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.

# चिड़ियाघर पार्किंग से जेवर चुराने वाला पकड़ाया

**आरोपी से 10.75 लाख रुपए का माल जब्त**

**पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे के भीतर दबोचकर किया खुलासा**

**इंदौर.** चिड़ियाघर घूमने आए बुजुर्ग की कार से सोने व डायमंड के कीमती जेवर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा कर दिया. आरोपी के कब्जे से करीब 10 लाख 75 हजार रुपए कीमत का चोरी गया माल भी बरामद कर लिया.

संयोगितागंज थाना प्रभारी केपी यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र में दो दिन पहले चिड़ियाघर के सामने कार पार्किंग से फरियादी नरेश पिता अशोक कुमार जैन, उम्र 65 वर्ष, निवासी फ्लैट नंबर-04, अम्बर बिल्डिंग, 13/2 एमजी रोड की कार से एक सोने का ब्रेसलेट करीब 53 ग्राम, एक डायमंड पेंडल, दो सोने की अंगूठियां और एक मोती चोरी कर लिया था.

फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु थी, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर नवलखा क्षेत्र से संदेही नंद किशोर बाघ, उम्र 42 वर्ष, निवासी बड़ी भमोरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ में आरोपी ने वारदात स्वीकार कर ली. तलाशी में उसके पास से चोरी गए जेवर बरामद हुए.

# टीबी मरीज की जेल में मौत पर कोर्ट की सख्ती

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. टीबी से पीड़ित युवक को ड्रग तस्कर बताकर घर से उठाने, अवैध वसूली करने और बाद में झूठे एनडीपीएस केस में फंसाने के पुराने मामले में जिला न्यायालय इंदौर ने सख्त रुख अपनाया है. जेल में युवक की मौत के बाद गंभीर आरोपों पर कोर्ट ने एमआईजी थाने के 9 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं. न्यायालय के इस आदेश से गिरफ्तारी की प्रक्रिया और पुलिस कार्रवाई की वैधता पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं.**

मामला नवंबर 2024 का है, पीड़िता राधिका सोनी पिता सुरेश सोनी, निवासी प्रकाशचंद्र सेठी नगर ने अदालत को बताया कि उसका भाई अजय सोनी गंभीर टीबी मरीज था. उसे शासकीय टीबी अस्पताल इंदौर से छुट्टी दिलाकर घर लाया गया था. बीमारी के चलते उसका वजन करीब 30 किलो रह गया था और डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था. राधिका के अनुसार 5 नवंबर 2024 को एमआईजी थाने के 6 पुलिसकर्मी, जिनमें प्रवीण सिंह (ब्लैक रंग का ट्रैक सूट पहने) और एक युवक पोलार्ड शामिल था, बिना किसी एफआईआर घर पहुंचे. जबरन तलाशी लेकर गद्दे के नीचे रखा अजय का आधार कार्ड उठाया और उसे यह कहकर साथ ले जाया गया कि एक-दो घंटे में पूछताछ कर छोड़ देंगे.

इस दौरान पुलिस अजय के पिता सुरेश सोनी की एक्टिवा भी साथ ले गई. पीड़िता ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे पिता के थाने पहुंचने पर प्रवीण सिंह द्वारा 40 हजार रुपए की अवैध मांग की गई. परिवार ने 25 हजार रुपए देने पर एक्टिवा छुड़ाई, जबकि शेष रकम देने पर अजय को छोड़ने की बात कही गई. पीड़िता ने 9 पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. अदालत को बताया गया कि 15 नवंबर 2024 को अजय को सिंगापुर बिजनेस बिल्डिंग के पीछे, अयोध्यापुरी क्षेत्र से रात 9.19 बजे 9.10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार दिखाया. अगले दिन उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया. जेल में हालत बिगड़ने पर 12 दिसंबर 2024 को उसकी मौत हो गई.

### आरोपी की बहन के बयानों के बाद कोर्ट ने दिए निर्देश

राधिका ने 23 मई 2025 को पुलिस कमिश्नर को इस संबंध में शिकायत की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ता कृष्ण कुमार कुन्हारे और डॉ. रूपाली राठौर के माध्यम से 8 जनवरी 2026 को जिला न्यायालय में परिवाद पेश किया. अदालत में कॉलोनी के सीसीटीवी फुटेज, स्क्रीन शॉट और पेन ड्राइव पेश किए, जिनमें घर से उठाने और बाद में दूसरी जगह गिरफ्तारी दिखाने का अंतर सामने आया. न्यायालय ने राधिका के कथन लेखबद्ध कर जांच के आदेश दिए हैं. सूत्रों के अनुसार लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने भी इस मामले की फाइल भोपाल भेज दी है.

# सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली हेलमेट जागरूकता रैली

**इंदौर.** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत इंदौर यातायात पुलिस ने गुरुवार को हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन किया. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की.

पुलिस आयुक्त के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेश कुमार सिंह और डीसीपी (यातायात) आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली का उद्देश्य आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा. रैली पलासिया चौराहे से शुरू होकर गीताभवन, मधुमिलन, रीगल सर्कल होते हुए राजवाड़ा पहुंची और वापस पलासिया सेल्फी पॉइंट पर समाप्त हुई. रैली में शामिल बाइकर्स ने तख्तियों और पंपलेट के माध्यम से दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, चारपहिया चालकों से सीट बेल्ट लगाने, रेड लाइट का पालन करने, तेज गति और मोबाइल फोन के इस्तेमाल से बचने जैसे संदेश दिए.


**HINDUJA HOUSING FINANCE LIMITED**
**पंजीकृत कार्यालय 27-ए, डेवलप्ड इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुंडई, चेन्नई-600032 तमिलनाडु**

HINDUJA HOUSING FINANCE

**कब्ज़ा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एचएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया जाता है.
ऋणकर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, ऋणकर्ता(ओं) गारंटर(ओं) और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है, जिसे सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़ा जा सकता है. ऋणकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है. विशेष रूप से ऋणकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से निपटने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार एचएचएफएल द्वारा ब्याज के साथ यहां उल्लिखित राशि के लिए प्रभार के अधीन होगा

क्र. उधारकर्ताओं का नाम और लोन खाता संख्या

**1.** LAN: MP/INE/IDCT/A000000725.
1. श्री आत्माराम पंचाल 2. श्रीमती आशा बाई 3. श्री मनोज पंचाल
प्लॉट नंबर 244-E.W.S., पी.एच. नंबर 24, वार्ड नंबर 13 (सरल नंबर 139), जयप्रकाश नगर, ग्राम बावड़िया, तहसील और जिला देवास, मध्य प्रदेश, भारत -455001 **कब्जे की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और राशि:** 11/10/25 और 10/10/2025 तक रुपये 12,91,192/-
संपत्ति का विवरण: प्लॉट नंबर 244-e.w.s., पी.एच. नंबर 24, वार्ड नंबर 13 (सरल नंबर 139), जयप्रकाश नगर, ग्राम बावड़िया, तहसील और जिला देवास, मध्य प्रदेश, भारत-455001, कुल क्षेत्रफल-484.20 वर्ग फुट (जिसे इसके बाद विषय संपत्ति कहा जाएगा) और संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व- सड़क, पश्चिम - प्लॉट नंबर 243 EWS उत्तर-गली, दक्षिण- प्लॉट नंबर 245 EWS

**2.** LAN: MP/IDR/DHAR/A000001070.
1. श्री भागीरथ कांतिलाल 2. श्रीमती काली बाई 3. श्री कांतिलाल जी 4. श्रीमती पुत्री बाई
मकान नंबर 10, पी.एच नंबर 22, ग्राम गोंडीखेड़ा चारण, तहसील सरदारपुर, धार, मध्य प्रदेश, 454111. **कब्जे की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और राशि:** 11/10/25 और रुपये।3,12,346/- दिनांक 10/10/2025 तक
संपत्ति का विवरण: मकान नंबर 10, पी.एच नंबर 22, ग्राम गोंडीखेड़ा चरण, तहसील सरदारपुर, धार, मध्य प्रदेश, 454111 का पूरा टुकड़ा और पार्सल, कुल क्षेत्रफल-5908 वर्ग फुट (इसके बाद विषय संपत्ति कहा जाएगा) और अनुसूचित संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं- उत्तर की ओर - प्लॉट नंबर 09 (विजय जी), दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व - प्लॉट नंबर 11, कच्चा रास्ता, पश्चिम-प्लॉट नंबर 09 (विजय जी)

**3.** LAN: MP/INE/IDCT/A000000337.
1. श्री हरिशंकर जायसवाल 2. श्रीमती छाया जायसवाल 3. श्री आकाश जायसवाल 4. श्री ओमप्रकाश जायसवाल प्लॉट/मकान नंबर, 681 स्कीम नंबर 51 इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत 452001. **कब्ज़े की तारीख:** 16/01/2026
**मांग नोटिस की तारीख और राशि:** 11/10/25 और रु. 11,45,829/- दिनांक 10/10/2025 तक
संपत्ति का विवरण: प्लॉट/मकान नंबर, 681 स्कीम नंबर 51 इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत 452001 का पूरा टुकड़ा और पार्सल, कुल क्षेत्रफल 42.29 वर्ग मीटर (इसके बाद विषय संपत्ति कहा जाएगा) और अनुसूचित संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं- उत्तर पूर्व-बैकलेन, दक्षिण पश्चिम-सड़क, उत्तर पश्चिम-प्लॉट नंबर 680 स्कीम नंबर 51, दक्षिण पूर्व - प्लॉट नंबर 682 स्कीम नंबर 51

**4.** LAN: MP/IDR/DHAR/A000000614.
1. श्री जगदीश पंवार 2. श्रीमती विष्णु बाई
मकान/प्लॉट नंबर 12, सिमलावदा, पीएच नंबर 02/187, धार, मध्य प्रदेश, 454001. **कब्जे की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम:** 11/10/25 और 10/10/2025 तक रु. 4,97,770/-
प्रॉपर्टी का विवरण: हाउस/प्लॉट नंबर 12, सिमलावदा, PH नंबर 02/187, धार, मध्य प्रदेश, 454001 का पूरा टुकड़ा और हिस्सा, कुल क्षेत्रफल - 690 वर्ग फुट (जिसे इसके बाद विषय संपत्ति कहा जाएगा) और शेड्यूल प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व की ओर-दिनेश का घर, पश्चिम की ओर-रामेश्वर का घर, उत्तर की ओर-खुली ज़मीन, दक्षिण की ओर-सड़क

**5.** LAN: MP/IDR/DHAR/A000000832.
1. श्री राधेश्याम जी 2. श्रीमती शैतान बाई
मकान नंबर 232, पटवारी हल्का नंबर 46, वार्ड नंबर 10, ग्राम गुलवा, तहसील पीथमपुर, जिला धार मध्य प्रदेश, भारत -454001. **कब्जे की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और राशि:** 11/10/25 और 1,21,326/- रुपये 10/10/2025 तक
प्रॉपर्टी का विवरण: मकान नंबर 232, पटवारी हल्का नंबर 46, वार्ड नंबर 10, ग्राम गुलवा, तहसील पीथमपुर, जिला धार मध्य प्रदेश, भारत -454001 का पूरा टुकड़ा और हिस्सा, कुल क्षेत्रफल 2728 वर्ग फुट (जिसे इसके बाद विषय संपत्ति कहा जाएगा) और शेड्यूल संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व की ओर-भेरूलाल की खुली ज़मीन, पश्चिम की ओर - आम रास्ता, उत्तर की ओर-दिलीप का घर, दक्षिण की ओर- कालूराम का घर.

**6.** LAN: MP/INE/IDCT/A000001404 और CO/CPC/CPOF/A000007252.
1. मृतक संदीप पंवार के सभी कानूनी वारिस 2. श्रीमती अंकिता पंवार 3. श्रीमती इंदिरा पंवार
मकान नंबर 158/1 पैकी पार्ट, अम्बे नगर, वार्ड नंबर 27, ज़ोन नंबर 06, तहसील और जिला इंदौर 452010. **कब्जे की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम:** 11/10/25 और 10/10/2025 तक रु. 2119634/-
प्रॉपर्टी का विवरण: मकान नंबर 158/1 पैकी पार्ट, अम्बे नगर, वार्ड नंबर 27, ज़ोन नंबर 06, तहसील और जिला इंदौर, 452001, कुल क्षेत्रफल-520 वर्ग फुट (इसके बाद विषय प्रॉपर्टी कहा जाएगा) और शेड्यूल प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व-गली, पश्चिम-सड़क, उत्तर-प्लॉट नंबर 159, दक्षिण-प्लॉट नंबर 158

**7.** LAN: MP/KHA/KHWA/A000000152.
1. उज्जवल सिंह राजपूत 2. श्री रितेश सिसोदिया 3. श्रीमती किरण बाई सिसोदिया 4. श्री कमल सिंह
पता: पी.एच नंबर 46, प्रॉपर्टी गांव पिपलकोटा, जिला- खंडवा, म.प्र.-450991 में स्थित है. **कब्जे की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम:** 11/10/25 और 10/10/2025 तक रु. 5,54,183/-
प्रॉपर्टी का विवरण: 1. प्रॉपर्टी का विस्तृत पता- पीएच नंबर 46 पर स्थित है, प्रॉपर्टी गांव पिपलकोटा, जिला- खंडवा, म.प्र.-450991 में स्थित है 2. क्षेत्रफल- कुल क्षेत्रफल 375 वर्ग फुट। 3. सीमाएँ- बिक्री विलेख के अनुसार पूर्व आम रास्ता, पश्चिम शंकर और प्रभु का घर, उत्तर चंदर सिंह मिकाजी का घर, दक्षिण मांझी सिंह निर्भयसिंह का घर

**8.** LAN: MP/INE/IDCT/A000000718.
1. विंस मैथ्यू 2. श्रीमती विद्या एस एस 3. सुश्री मौली मैथ्यू
19, MIG जवाहर नगर, वार्ड नंबर 17, देवास, म.प्र. -455001, और साथ ही- प्लॉट नंबर 149 और 150, गर्ग एस्टेट (पीएच नंबर पुराना 24 और नया 38 (वार्ड नंबर 18 सरल नंबर 417, तहसील और जिला देवास, म.प्र.-455001. **कब्जे की तारीख-** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम:** 11/10/25 और 10/10/2025 तक रु. 30,74,107/-
प्रॉपर्टी का विवरण: प्रॉपर्टी प्लॉट नंबर 149 और 150, गर्ग एस्टेट (पीएच नंबर पुराना 24 और नया 38 (वार्ड नंबर 18 सरल नंबर 417, तहसील और जिला देवास म.प्र.-455001 पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल- 2400 वर्ग फुट। सीमाएँ- सेल डीड के अनुसार पूर्व - सड़क, पश्चिम - प्लॉट नंबर 119 और 120, उत्तर - प्लॉट नंबर 148, दक्षिण - प्लॉट नंबर 151

**9.** LAN: MP/INE/IDCT/A000002166.
1. श्री अनिल यादव 2. श्रीमती मंजू यादव 3. श्री दिनेश यादव
पार्ट नंबर 33x34 ग्राम रेवती सर्वे नंबर 124/1/2 पीएच नंबर 17 ग्राम रेवती इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत-4520061. **कब्ज़े की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और राशि:** 11/11/25 और 7/11/2025 तक रु. 2230871/-
संपत्ति का शेड्यूल: पार्ट नंबर 33x34 ग्राम रेवती सर्वे नंबर 124/1/2 पीएच नंबर 17 ग्राम रेवती इंदौर, शहरी, इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत -452006 का एक टुकड़ा और पार्सल। कुल क्षेत्रफल - 1200 वर्ग फुट (इसके बाद विषय संपत्ति कहा जाएगा) और दूसरी शेड्यूल संपत्ति इस प्रकार से घिरी हुई है- पूर्व- प्लॉट नंबर 47 और 48, पश्चिम-सड़क, उत्तर-प्लॉट नंबर 32, दक्षिण-प्लॉट नंबर 35

**10.** LAN: MP/IDR/DHAR/A000001146.
1. मृतक भगत सिंह के सभी कानूनी वारिस 2. श्रीमती चतर बाई
आवासीय मकान पंजीकृत पंजी क्रमांक 227, lsn 757, पीएच नंबर 292, वार्ड नंबर 09, ग्राम देदला, राम मंदिर के पास, धार, मध्य प्रदेश, 454001 पर स्थित है. **कब्जे की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम:** 11/11/25 और 7/11/2025 तक रु. 582802/-
प्रॉपर्टी का शेड्यूल: आवासीय घर का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा जो रजिस्टर्ड पंजी क्रमांक 227, LSN 757, पीएच नंबर 292, वार्ड नंबर 09, ग्राम देदला, धार, मध्य प्रदेश, 454001 पर स्थित है, (जिसे इसके बाद विषय संपत्ति कहा जाएगा) और संपत्ति का शेड्यूल इस प्रकार घिरा हुआ है- पूर्व की ओर - प्लॉट नंबर 123, पश्चिम - प्लॉट नंबर 122 का बचा हुआ हिस्सा, मंगलेश सिंह, उत्तर - कॉलोनी रोड, दक्षिण - अमीर अली और अन्य की ज़मीन

**11.** LAN: MP/INE/IDCT/A000001110.
1. श्री दीपक चंदेल 2. श्रीमती वर्षा चंदेल
80-डी श्रीयंत्र नगर, सेक्टर-ए ग्राम-बिलावली तहसील और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत-452001. **कब्जे की तारीख-** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम-** 11/11/25 और 7/11/2025 तक रु. 3195417/-
प्रॉपर्टी का शेड्यूल: 80-डी श्रीयंत्र नगर, सेक्टर-ए ग्राम-बिलावली तहसील और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत 452001 का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा कुल क्षेत्रफल -845 वर्ग फुट (जिसे इसके बाद विषय संपत्ति कहा जाएगा) और शेड्यूल संपत्ति इस प्रकार घिरी हुई है- पूर्व की ओर - सड़क, पश्चिम - प्लॉट नंबर 80, उत्तर - प्लॉट नंबर 82 ए, दक्षिण - प्लॉट नंबर 80 सी

**12.** LAN: MP/IDR/DHAR/A000000331.
1. श्री गलिया भूरिया 2. श्रीमती अनीता भूरिया
पता: प्लॉट नंबर 178, पीएच नंबर 86, सर्वे नंबर 516, कपासथल, तहसील सरदारपुर, ग्राम पंचायत, राम मंदिर, धार, मध्य प्रदेश, 4544417 **कब्ज़े की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और राशि:** 24/09/2025 और 23/09/2025 तक रु. 425698/-
प्रॉपर्टी का विवरण: प्रॉपर्टी प्लॉट नंबर 178, पीएच नंबर 86, सर्वे नंबर 516, कपासथल, तहसील सरदारपुर, धार, मध्य प्रदेश, भारत - 454441 पर स्थित है। क्षेत्रफल- कुल क्षेत्रफल 55.74 वर्ग मीटर। सीमाएँ- सेल डीड के अनुसार- पूर्व-खेत, पश्चिम- आम रास्ता, उत्तर- राहुल काशी राम का घर, दक्षिण- घनश्याम शोभा राम का घर

**13.** LAN: MP/IDR/DHAR/A000000069.
1. श्री जितेंद्र परमार 2. श्रीमती पपीता बाई
पता: मकान नंबर 348, पीएच नंबर 91, वार्ड नंबर 05, गाँव अंतेड़ी, तहसील सरदारपुर, जिला धार, मध्य प्रदेश, भारत-454441 **कब्ज़े की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और राशि:** 11/11/2025 और 07/11/2025 तक रु. 582802/-
प्रॉपर्टी का विवरण: प्रॉपर्टी मकान नंबर 348, पीएच नंबर 91, वार्ड नंबर 05, गाँव अंतेड़ी, तहसील सरदारपुर, जिला- धार, मध्य प्रदेश, भारत 454441 पर स्थित है। क्षेत्रफल- कुल क्षेत्रफल 1404 वर्ग फुट। सीमाएँ- सेल डीड के अनुसार- पूर्व- सड़क, पश्चिम- उमेश की ज़मीन, उत्तर- अमृत मूलचंद का घर, दक्षिण- छगन गाभू का घर.

**14.** LAN: MP/IDR/PTPR/A000000013.
1. श्री राहुल सिंह 2. श्रीमती अर्चना रमेश सिंह
प्लॉट नंबर 548, उत्तरी भाग, पंचवटी कॉलोनी, गाँव तलावली चंदा-म.प्र 452010. **कब्ज़े की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम:** 11/11/2025 और 07/11/2025 तक रु. 3368376.00/-
प्रॉपर्टी का विवरण: प्लॉट नंबर 548, उत्तरी भाग, पंचवटी कॉलोनी, गांव तलावली चंदा-म.प्र.-452010 का पूरा टुकड़ा और पार्सल। कुल क्षेत्रफल-709 वर्ग फुट (जिसे इसके बाद विषय संपत्ति कहा जाएगा) और शेड्यूल संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व-सड़क, पश्चिम-प्लॉट नंबर 539, उत्तर- प्लॉट नंबर 547, दक्षिण-प्लॉट का शेष भाग

**15.** LAN: MP/IDR/INDR/A000000768 और CO/CPC/CPOF/A000001561.
1. श्री रानी राव कुचेकर 2. श्री राजेंद्र राव
459 केदार नगर छोटा बगड़ा के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत-452006. **कब्ज़े की तारीख:** 16/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम:** 11/11/2025 और 07/11/2025 तक रु. 1592328/-
प्रॉपर्टी का विवरण- प्लॉट नंबर 459, केदार नगर, सेक्टर-B, ग्राम छोटा बंगार्डा, इंदौर, म.प्र. छोटा बंगार्डा, इंदौर, मध्य प्रदेश, 452001 पर घर का पूरा टुकड़ा और पार्सल। कुल क्षेत्रफल -600 वर्ग फुट (जिसे इसके बाद विषय संपत्ति कहा जाएगा) और शेड्यूल संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व- प्लॉट नंबर 484, पश्चिम-सड़क, उत्तर- प्लॉट नंबर 458, दक्षिण- प्लॉट नंबर 460

**16.** LAN: MP/INE/IDCT/A000001669.
1. श्री सैमुअल जोसेफ 2. श्रीमती महिमा वोहरा
प्लॉट नंबर 182 गांव भवरसाला, सांवेर रोड, तहसील और जिला इंदौर, म.प्र.-453111. **कब्जे की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम:** 11/11/2025 और 07/11/2025 तक रु. 1637823/-
प्रॉपर्टी का विवरण: प्लॉट नंबर 182 का पूरा टुकड़ा और हिस्सा जो गांव भवरसाला, सांवेर रोड, तहसील और जिला इंदौर, म.प्र. 453111 में स्थित है। कुल क्षेत्रफल - 760 वर्ग फुट (इसके बाद इसे विषय संपत्ति कहा जाएगा) और शेड्यूल संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व की ओर - सड़क, पश्चिम - पीछे की गली, उत्तर - योगेश मेहता राठौर का घर, दक्षिण - ईश्वर बाबूलाल गिरी का घर

**17.** LAN: MP/IDR/PTPR/A000000013.
1. श्री सत्येंद्र विश्वकर्मा 2. श्रीमती दुर्गा विश्वकर्मा।
प्लॉट नंबर 225, पैकी दक्षिणी भाग, साई विहार कॉलोनी, गांव बड़ोदिया, पीएच नंबर 20, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत-452011. **कब्जे की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम:** 11/11/2025 और 07/11/2025 तक रु. 1218260/-
प्रॉपर्टी का विवरण: प्लॉट नंबर 225 का पूरा टुकड़ा और हिस्सा, पैकी दक्षिणी भाग, साई विहार कॉलोनी, गांव बड़ोदिया, पीएच नंबर 20, जिला इंदौर, शहरी, सांवेर, मध्य प्रदेश, भारत 452011। कुल क्षेत्रफल - 297 वर्ग फुट (इसके बाद इसे विषय संपत्ति कहा जाएगा) और शेड्यूल संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व की ओर - दूसरों की ज़मीन, पश्चिम - सड़क, उत्तर - उसी प्लॉट का बचा हुआ हिस्सा, दक्षिण - प्लॉट नंबर 226

**18.** LAN: MP/INE/IDCT/A000002166.
1. श्री यश पवार 2. श्रीमती निर्मला अशोक
सर्वे नंबर 61/1, पीएच नं. 24, ग्राम बावड़िया, तहसील और जिला - देवास, मध्य प्रदेश-455001. **कब्ज़े की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम:** 11/11/2025 और 11/11/2025 तक रु. 627045/-
प्रॉपर्टी का शेड्यूल: सर्वे नंबर 61/1, पीएच नं. 24, ग्राम बावड़िया, तहसील और जिला-देवास, मध्य प्रदेश-455001 का पूरा टुकड़ा और हिस्सा। कुल एरिया -750 वर्ग फुट (जिसे इसके बाद सब्जेक्ट प्रॉपर्टी कहा जाएगा) और शेड्यूल प्रॉपर्टी की बाउंड्री इस प्रकार है- पूर्व-सड़क, पश्चिम-सरकारी नाला, उत्तर-राजू ड्राइवर की ज़मीन, दक्षिण-विक्रेता की ज़मीन

**19.** LAN: MH/KGN/KHGN/A000000053.
1. श्री दिनेश यादव 2. श्रीमती कविता यादव
पता: ग्राम दयालपुरा, पी.एच. नंबर 05, मकान नंबर 249, पोस्ट दयालपुरा जिला खरगौन, तहसील गोगवा, मध्य प्रदेश, भारत - 451335. **कब्ज़े की तारीख:** 19/01/2026
**डिमांड नोटिस की तारीख और रकम:** 19/06/25 और 06/06/2025 तक रु. 942563/-
प्रॉपर्टी का शेड्यूल: प्रॉपर्टी का विवरण (बाउंड्री के साथ) ग्राम दयालपुरा, पी.एच नंबर 05, मकान नंबर 249, वार्ड नंबर 11, पोस्ट दयालपुरा जिला खरगौन, तहसील गोगवा, मध्य प्रदेश, भारत -451335। कुल एरिया- 704 वर्ग फुट, नापा गया एरिया- कुल एरिया -704 वर्ग फुट। बाउंड्री- सेल डीड के अनुसार- पूर्व- खाली प्लॉट, पश्चिम- आम रास्ता, उत्तर- रामेश्वर खुशहाल का घर, दक्षिण- सुरेश लोभीराम का घर

विशेष रूप से उधारकर्ता/गारंटर/गारंटरों और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा उपर्युक्त मांगी गई राशि और उस पर अतिरिक्त ब्याज के प्रभार के अधीन होगा. अधिक जानकारी के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी मोबाइल नंबर राजेश चकोटिया-8435571111 (आरआरएम) श्री वैभव श्रीवास्तव (आरएलएम) 7987969803, सुश्री अंकिता पाटिल- 7723055195 (सीएलएम), श्री गोविन्द चौहान- 8839328309 (सीआरएम) से संपर्क करें और पता क्षेत्रीय कार्यालय 1018, प्रथम तल हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस, एनआरके बिजनेस पारी विजयनगर, इंदौर (म.प्र.) पिन कोड 452010.

**दिनांक- 23/1/2026** **एसडी- प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान- मध्य प्रदेश** **हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**


एक नजर में | **वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने दर्शकों का दिल जीता**

# लोकनृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को कर दिया मंत्रमुग्ध

**इंदौर.** राइजिंग किड्स प्ले स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया.

स्कूल की प्रिंसिपल रचना सूरी ने बताया कि वार्षिकोत्सव का इंतजार बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों को भी पूरे वर्ष रहता है. यह वह समय होता है जब शिक्षकों की रचनात्मकता और बच्चों की मेहनत मंच पर सजीव रूप में दिखाई देती है. इस वर्ष वार्षिकोत्सव की थीम 'आदि काव्य' रही, जिसमें इतिहास और संस्कृति की झलक को रंगों के माध्यम से मंच पर खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में गोवा थीम पर आधारित डांस शो, दक्षिण भारत का भरतनाट्यम, राजस्थान का घूमर, पंजाब का भांगड़ा और महाराष्ट्र की लावणी जैसी विविध लोकनृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने देशभक्ति की भावना को केंद्र में रखते हुए 'मिशन सिंदूर' को नाट्य एवं नृत्य रूपांतरण के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया.

हर प्रस्तुति के बाद बच्चों द्वारा दोहों का पाठ और उनके अर्थ की सरल व्याख्या कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही. वहीं मोबाइल फोन के दुरुपयोग पर आधारित प्रस्तुति में बच्चों ने अलग-अलग गीतों की धुनों के साथ मोबाइल के दुष्प्रभाव और बच्चों में बढ़ती निर्भरता पर सार्थक संदेश दिया.

### जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की

कार्यक्रम के दौरान देश की सीमाओं पर तैनात जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए बच्चों ने विशेष धन्यवाद प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा. कार्यक्रम की अंतिम और सबसे खास प्रस्तुति में स्कूल के सभी शिक्षकों ने मंच पर आकर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।